हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

दूरदर्शन आज 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत 15 सितंबर 1959 को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ॰ राजेंद्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था।अपने विशाल नेटवर्क के बूते दूरदर्शन आज भारत का सबसे बडा प्रसारक है जिसकी पहुंच ग्रामीण दर्शकों तक है। दूरदर्शन निशुल्क डी.टी.एच. सेवा भी उपलब्ध कराता है।

****

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 13वीं वाहिनी, की कमांडेंट कमल सिसोदिया के नेतृत्व में कल स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत बल के सेक्टर-43 स्थित डैट 13 शिविर में जागरूकता रैली का आयोजन कर की गई।इस अवसर पर कमांडेंट कमल सिसोदिया ने कहा कि केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के सुरक्षा प्रहरी देश की स्वच्छता के भी प्रहरी हैं, जो स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत इस विशाल स्वच्छता अभियान को प्रभावी तौर पर चलाने में सार्थक भूमिका निभा रहे हैं। श्रीमती सिसोदिया ने बताया कि यह वाहिनी पंजाब, चंडीगढ़ एवं दिल्ली के विभिन्न संभागों में अपने कार्य क्षेत्रों और आस-पास के सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक तौर पर स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान दे रही है। इसके साथ-साथ लोगों के बीच जाकर स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छता में जन भागीदारी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। रैली में 13वीं वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह रैली बल के डैट कैम्प से शुरू होकर, चण्डीगढ़ न्यायिक अकादमी से होते हुए सेक्टर 43 के अन्तरराज्यीय बस अड्डे तक आयोजित की गई।

****

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, शील नागु तथा कार्यकारी अध्यक्ष न्यायाधीश अरुण पल्ली के मार्गदर्शन और उनके संयुक्त प्रयासों से हरियाणा के सभी 22 जिलों और 34 उपमंडलों में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई ।इन लोक अदालतों में व्यवहारिक, वैवाहिक, मोटर दुर्घटना दावे, बैंक उगाही, चैक बाउंस, वाहन चालान चालान समझौता योग्य आपराधिक मामलों सहित विभिन्न श्रेणियों के मामलों की विस्तार से सुनवाई की गई।

****

कैथल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायधीश रितु वाई के बहल की देखरेख में कल न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रितू ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 17,022 लंबित मामलें रखे गये , जिसमें से 12,839 मामलों का निपटारा किया गया। वहीँ फरीदाबाद में आयोजित लोक अदालत में 63 हज़ार 216 मामलें रखे गए जिसमे से 48 हज़ार 120 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया।

****

अंबाला शहर में कल वार्ड नं 18 व 2 में हूए बी जे पी के कार्यक्रमों में पार्षद सरदूल सिंह और विक्रम फकीर चदं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। बी जे पी प्रत्याशी असीम गोयल ने दोनों को पटका पहन कर पार्टी मे शामिल किया।दोनों पार्षदों ने कहा कि वह असीम गोयल की कार्यशैली और शहर में हो रहे विकास कार्य को देखते हुए बी जे पी में शामिल हुए है।

****

कैथल जिले की सीमा में धान की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं ।जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने कहा कि यह आदेश अवशेषों को जलाने से होने वाले प्रदूषण से मनुष्य के स्वास्थ्य, संपत्ति की हानि, तनाव, क्रोध या मानव जीवन के संभावित खतरों के दृष्टिगत जारी किए गए हैं। इन अवशेषों को जलाने से पशुओं के चारे की भी कमी होती है। उन्होंने कहा कि इन आदेशों की अवहेलना का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानून अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

****

भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने **डायमंड लीग** का रजत पदक जीत लिया है। कल बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में, नीरज ने 87.86 मीटर का थ्रो किया जो उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो था और वे केवल एक सेंटीमीटर के अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए।प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स ने जीता। जर्मनी के जूलियन वेबर तीसरे स्थान पर रहे।यह लगातार दूसरा मौक़ा है जब नीरज डायमंड लीग में उप-विजेता रहे हैं।

****

भिवानी स्थित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली माध्यमिक एवं

वरिष्ठ माध्यमिक की पूरक परीक्षाएं 16 अक्तूबर से आरंभ होंगी। परीक्षाओं का तिथि-पत्र बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष डा. वी पी यादव ने बताया कि 10वीं की परीक्षाएं 24 अक्तूबर तक तथा 12वीं की परीक्षाएं 9 नवंबर तक होंगी। डा. यादव ने बताया इसके अतिरिक्त डीएलएड प्रवेश वर्ष 2023-25 की प्रथम वर्ष की अक्तूबर-2024 परीक्षाएं 16 अक्तूबर से आरंभ होकर 26 अक्तूबर तक ली जाएगी। सभी परीक्षाओं का समय दोपहर दो बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।